संक्षिप्त

सैनिक दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम

खैरथल। जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने बताया सोमवार को खैरथल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पर जिला स्तरीय 8 वां सशस्त्र सेवा भूतपूर्व सैनिक दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रात 11 बजे से किया जाएगा। जिला कलक्टर ढाका ने बताया कि जिला स्तरीय 8वां सशस्त्र सेवा भूतपूर्व सैनिक दिवस पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई जाएगी जिसमें सर्वप्रथम प्रात: 10:00 बजे शहीद स्मारक स्थल किशनगढ़बास पर पुष्प चक्र समर्पित किए जाएंगे। इसी प्रकार क्रमश: प्रात: 10:30 एवं प्रात: 10:45 पर शहीद भगत सिंह चौक खैरथल एवं शहीद हेमू कॉलोनी चौक खैरथल पर पुष्प चक्र समर्पित किया जाएगा। 11:00 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

गर्म वस्त्र वितरित किए

मंडावरी। महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय दौसाडा में शनिवार को वार्षिक उत्सव, भामाशाह सम्मान और पुरस्कार वितरण पूर्व छात्र सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहारी लाल वर्मा एसीबीईओ लालसोट रहे। इस अवसर पर पीईईओ महारिया कैलाश चन्द मीना, कमलेश कुमार गौतम उप प्रधानाचार्य, अध्यक्ष रघुनन्दन मीना व एएसी अध्यक्षा पपीता देवी, प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ एमजीजीएस दौसाडा एवं गाँव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे एवं छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया । मंच संचालन अध्यापक प्रदीप कुमार महावर ने किया। इस कार्यक्रम के दौरान राजकीय विद्यालय के अध्यापक गण आदि मौजूद रहे।

52 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जप्त

अलवर। आनंद शर्मा जिला पुलिस अधीक्षक अलवर ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली जिस पर महावीर प्रसाद उनि थानाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नदबई मोड पर नाकाबन्दी की गई। दौराने नाकाबन्दी एक पिकअप गाडी का चालक पिकअप को भगाकर पेपर मील के पास एक गली में छोड कर अंदेरा का फायदा उठाकर भाग गया।

साधु संतों से 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचने का आव्हान

लालसोट। मंडावरी कस्बे के कोठीवाली ढाणी स्थित सीताराम जी मंदिर धाम में विभिन्न जगहों से आए प्रख्यात संत समाज का समागम हुआ। विभिन्न पीठ एवं धाम इत्यादि जगहों से आए ख्यात नाम संतों द्वारा एक बैठक आयोजित की गई जिसमें संत समाज के नए अध्यक्ष को लेकर चुनाव किया गया।

मंडावरी कस्बे में संत समाज लालसोट मंडल के हुए चुनाव में मौजूद विभिन्न जगहों से आया संत समाज।

- राम मंदिर को लेकर संतों ने दिए व्याख्यान

जहां मौजूद सभी संतो द्वारा सर्वसम्मति से लालसोट संत मंडल अध्यक्ष पद पर बिंदी दास महाराज के धाम पर काली डूंगरी पीठाधीश्वर अवधेश दास महाराज को अध्यक्ष चुन लिया गया। जहां संत समाज लालसोट मंडल के अध्यक्ष बने अवधेश दास महाराज ने सर्वसम्मति से खुद की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मंडल संरक्षक पद पर महामंडलेश्वर श्री शंकर दास महाराज को नियुक्त किया गया।

इसी तरह मंडल उपाध्यक्ष पद पर राघव दास जी महाराज को नियुक्त करने के साथ संत समाज लालसोट मंडल के महामंत्री पद पर देवदास जी महाराज को उपाध्यक्ष पद पर और महंत जगदीश दास महाराज दोष को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

इसी तरह कोतवाल पद पर ओम दास महाराज को नियुक्त करने के साथ संरक्षक पद पर महंत अमर दास महाराज राम मंदिर को नियुक्त किया गया। संत समाज के हुए समागम के दौरान लालसोट मंडल संत समाज के चुनाव के मंडावरी कस्बे के सैकड़ों लोग गवाह रहे। जहां स्थानीय लोगों द्वारा बाहर से आए संतों एवं चुने गए पदाधिकारी का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान नवनियुक्त संत मंडली द्वारा भव्य राम मंदिर में रामलला के विराजमान होने वाली तिथि 22 जनवरी को लेकर भी प्रचार प्रसार करने सहित ज्यादा से ज्यादा संतो को वहां राम मंदिर पहुंचकर भव्य आयोजन में भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया गया। संत समाज लालसोट मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अवधेश दास महाराज ने कहा कि 500 साल बाद रामलला अयोध्या मंदिर में विराजमान होंगे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में रामलला का यह 22 जनवरी को होने वाला कार्यक्रम ना भूतो न भविष्यति का एहसास कराएगा। कार्यक्रम के दौरान संत बालक दास महाराज रामप्रसाद मीणा, प्रेम राज मीणा, खेमराज मीणा, रामविलास मीणा, जोहरी लाल मीणा, घमंडी लाल मीणा, इंदर राज मीणा, मनोज तिवारी, मीठालाल मीना, राजेंद्र मीणा, धर्मराज मीणा, हरिराम मीणा, ब्रजमोहन मीणा, रामचरण मीणा, रामस्वरूप मीणा, प्रहलाद आदि कई संत स्थानीय शहर वासी एवं भक्तगण मौजूद रहे। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्त जनों द्वारा पंगत प्रसादी प्राप्त की गई।

ड्रोन से नैनो फर्टिलाइजर का छिड़काव

पावटा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की आमजन को जानकारी दी जा रही है, साथ ही हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसी कडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत ठिकरिया में उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी व विधायक कुलदीप धनकड के निर्देश पर कृषि अधिकारियों की मौजूदगी मे किसानों को ड्रोन से नैनो फर्टिलाइजर का छिडकाव का डेमो दिखाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान खेती में बढते लागत, मजदूरों- की कमी को देखते हुए खेती-किसानी को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विभाग एवं नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के संयुक्त तत्वधान में विभिन्न ग्रामों में शिविर के माध्यम से ड्रोन तकनीक द्वारा नैनो यूरिया छिडकाव का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से शिविर में उपस्थित किसानों को छत्तीसगढ के प्रमुख फसलों में नैनो उर्वरक के उपयोग के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस दौरान नैनो उर्वरको का फसल पर सही एवं लक्षित प्रयोग करने से पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए कैसे पौधे को आवश्यक पोषण दिया जा सकता है और अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है के सबंध में बताया जा रहा है।

सार-समाचार

विधायक टॉकडा का स्वागत किया

अलवर। जिला सैनी महासभा (रजि.) के तत्वाधान शनिवार को बांदीकुई विधानसभा नवनिर्वाचित विधायक भागचन्द टॉकडा के अलवर आगमन पर स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। युवा जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि बान्दीकुई विधानसभा विधायक भागचन्द टॉकडा के प्रथम बार अलवर आगमन पर सर्वप्रथम सामाजिक पदाधिकारियों एवं युवा कार्यकर्ताओं द्वारा भुगौर बाईपास पर ढोल नंगाडों के साथ खुली जीप में सवार होकर कटीघाटी, ढाई पेडी, बनिया का बाग, काला कुँआ टैम्पों स्टैण्ड होते हुए नयाबास स्थित सैनी धर्मशाला परिसर में स्वागत एव अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी महासभा जिलाध्यक्ष पूर्णमल सैनी ने की। नव निर्वाचित विधायक ने कहां कि महत्मा ज्योतिबा फुले व महात्मा मोहनदास के पदचिन्हों पर चलकर सैनी समाज को शिक्षित एवं संगठित रहने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में महिला शिक्षा एवं सामाजिक कुरूतियों को कम करकर, फिजूलखर्ची को रोक कर समाज को रोजगार परक कार्यक्रम चलाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन पदम चन्द सैनी ने किया। इस अवसर पर सैनी महासभा संरक्षक अभय सैनी (पप्पू भाई प्रधान), सैनी महासभा जिलाध्यक्ष पूर्णमल सैनी, जिला उपाध्यक्ष भगवत बाल्याण, सैनी समाज सामुहिक विवाह समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी (धारा भाई), महामंत्री पदमचन्द सैनी अलवर फल सब्जीमण्डी युनियन अध्यक्ष कैलाश सैनी, राष्ट्रीय सैनीसभा अध्यक्ष कमल सैनी, सैनी छात्रसंघ अध्यक्ष सुनिल सैनी, युवा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र खुराडिया, युवा शहर अध्यक्ष हेमन्त सैनी, युवा महासचिव अभिषेक सैनी, जयकुमार खुराडिया, फलसब्जी मण्डी सचिव पंकज सैनी, रोशन लाल सैनी, कैम्पट उमराव लाल सैनी, रामपाल सैनी, रूपकिशोर सैनी, सुबेदार सुरेशचन्द सैनी, कैलाशचन्द, मदनलाल, संजय कटारिया, संदीप सैनी, नारायण लाल सैनी, रतनलाल सैनी, उमेश सैनी, संगठन मंत्री रामगोपाल सैनी,कन्हैया लाल सैनी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अवैध खनन पर कार्रवाई

दूदू। जिला कलेक्टर कार्यालय कक्ष में जिले में अवैध खनन परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए जिला कलेक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर अवैध खनन पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए शुक्ला ने जिले में अवैध खनन और भंडारण की रोकथाम के लिए संवेदनशील क्षेत्र में निगरानी रखकर रोकथाम के निर्देश दिए इस अवसर पर पांच दिवसीय अभियान चलाया जाकर कार्रवाई की जाएगी बैठक में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतनलाल योगी खनिज अभियंता एस कृष्णा सहित अन्य विभाग अधिकारी मौजूद रहे शुक्ला ने पुलिस एवं परिवहन विभाग तथा खनिज विभाग के अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

वृद्धों का सम्मान किया

दूदू। शहर के निजी रिसोर्ट में तारा संस्थान उदयपुर के तत्वाधान में वृद्ध जन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर संस्था प्रतिनिधि श्रीमती भावना दुबे अनीता शर्मा द्वारा संस्था के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया समारोह मे सभी जातियों के वृद्ध जनों का सम्मान किया गया इस अवसर पर मूलचंद चोटिया मदन लाल शर्मा कपिल खांडल श्रीराम शर्मा रामजीलाल शर्मा रामेश्वर लाल छोटू सिंह सहित वृद्धजनों का सम्मान किया ।

बाघ की दहाड़ से लोगों में दहशत

किशनगढ़ बास। किशनगढ़ बास के समीपवर्ती गांव बंबोरा गंज इस्माइलपुर बड़ूक सहित आसपास के जंगलों में बांध के जाड़े की दहाड़ से लोगों में दहशत का माहौल बना है।

वन विभाग के रेंजर का कहना है कि बंबोरा में आवाज सुनाई देने को लेकर ग्रामीणों ने सूचना दी जिस पर जांच कराई तो लेपर्ड के पद चिन्ह होने की संभावना व्यक्त की गई है। वैसे करीब ढाई महीने से क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर के आसपास बाघ के घूमने पर ट्रैस कैमरे लगाए हुए हैं।

दहाड़ की आवाज से दहशत में गंज बंबोरा के मंदिरों में माइक से बांध के घूमने व दहाड की आवाज सुनाई देने पर सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है। वन विभाग की टीम क्षेत्र में पूरी तरह निगरानी बनाए हुए हैं।

पार्षद तेज सिंह सैनी ने बताया कि गंज गांव के हनुमान मंदिर पर सायं माइक से सूचना दी गई है की जंगलों से बांध की दहाड की आवाज आ रही है सतर्क रहें।

वन रैजर ललित सिंह ने बताया कि गांव बंबोरा में बाघों के दहाड़ने की आवाज को लेकर ग्रामीणों की ओर से सूचना दी गई थी। वन टीम ने ग्रामीणों के साथ जंगल में घूम कर तलाश किया तो पद चिन्ह मिले जो लेपर्ड के पद चीन होने की संभावना व्यक्त की गई है। रेंजर ललित सिंह ने बताया कि करीब ढाई महीने से इस्माइलपुर बड़ूक वह आसपास के क्षेत्र में बाघ के घूमने की सूचना है।

इस्माइलपुर बड़ूक आदि क्षेत्र के जंगलों में बांध को ट्रैस करने के लिए कैमरे लगाए हुए हैं।

वन टीम पूरी तरह से निगरानी किए हुए हैं अभी तक कोई बाघ के घूमने के निशान नहीं मिले हैं और नहीं ट्रेंस कमरे में कहीं आया है। देर रात तेजी से बाघ की दहाड़ की फैली खबर के बाद गंज सहित किशनगढ़ बास में भी वाक पर निकलने वाले लोग घरों से नहीं निकले।

ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं ने विधायक का स्वागत किया

पावटा। भारतीय जनता पार्टी विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप धनकड का नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा के खारवालों की ढाणी, श्याम कॉलोनी एवं भरत दास कॉलोनी, विराटनगर के ग्राम पंचायत जाजैकला, गोविन्दपुरा धाबाई मे भाजपा पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओ एवं ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। जहाँ पर विधायक कुलदीप धनकड का भाजपा पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओ एवं ग्रामीणों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर व माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। भाजपा पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओ एवं ग्रामीणों को सबोधित करते हुए विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले साढे नौ सालों में देश में हुए परिवर्तन को हर व्यक्ति महसूस कर रहा है। दुनिया में भारत का समान बढा है। देश में विकास की बडी-बडी योजनाएं देश में शुरू हुई हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव-गांव नगर-नगर पहुंच रही मोदी जी की गारंटी वैन हर एक नागरिक के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली की वाहक है।

- विकसित भारत संकल्प यात्रा भाजपा की डबल इंजन सरकार गाँव, गरीब और किसानों के सपने को कर रही साकार : धनकड

भाजपा विधायक कुलदीप धनकड़ (दायें से पहले) का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

राज्यपाल शुक्ला ने खाटू बाबा के दर्शन किये

खाटूश्यामजी। विश्व विख्यात धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी में शनिवार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला पहुंचे। राज्यपाल ने सपरिवार खाटूधाम में बाबा श्याम के दर्शन कर पुजा अर्चना की तथा देश में खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने गवर्नर शुक्ला का श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर व बाबा श्याम का चित्र भेंट कर स्वागत किया।इससे पहले राज्यपाल के खाटूधाम पहुंचने पर सीकर पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया तथा खंडेला एसडीएम बृजेश कुमार, डीवाईएसपी महावीर सिंह, थानाधिकारी हेमराज मीणा ने अगवानी की।

- अमावस्या स्नान के बाद 16 जनवरी को बाबा श्याम का तिलक श्रृंगार पर विशेष पूजा अर्चना होगी जिसके चलते बाबा श्याम के पट बंद रहेंगे

बाबा श्याम के 16 को पट बंद रहेंगे : कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम को अमावस्या स्नान के बाद 16 जनवरी को बाबा श्याम का तिलक श्रृंगार पर विशेष पूजा अर्चना होगी जिसके चलते बाबा श्याम के पट बंद रहेंगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि 15 जनवरी को रात्रि 9:30 बजे बाबा श्याम के पट मंगल होंगे उसके बाद 16 जनवरी को तिलक श्रृंगार पर विशेष पूजा होने के बाद सांय 5:00 बजे बाबा श्याम के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।श्री श्याम मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि पट खुलने के बाद ही खाटू धाम पहुंचे जिससे कोई असुविधा न हो।

भगवा रामरथ से 125 किलो शहद भेजा

अलवर। श्री वेंकेटेश बालाजी दिव्य धाम अलवर के महन्त सुदर्शनाचार्य जी महाराज की सद्प्रेरणा से अयोध्या में भगवान प्रभु श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अलवर से विश्व हिन्दू परिषद अलवर द्वारा दिनांक 13 जनवरी 2024 शनिवार को प्रात: 9.30 बजे श्री जगन्नाथ मन्दिर अलवर से प्रभु श्रीराम के अभिषेक के लिये भगवा रामरथ से 125 किलो शहद भेजा गया। 125 शहद को एकत्रित करने में सरिस्का फोरेस्टर शहद कम्पनी के मालिक जितेन्द्र गौतम का सहयोग रहा। जिला मीडिया प्रभारी अवधेश माथुर ने बताया कि भगवा रामरथ को श्री जगन्नाथ मन्दिर से संघ चालक कृष्ण कुमार गुप्ता, राजस्थान सरकार मंत्री संजय शर्मा व विहिप जिलाध्यक्ष दीलीप मोदी भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया जिसका विभिन्न स्थानों पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। भगवा रामरथ को भगत सिंह सर्किल से विहिप के गौरक्षा प्रमुख रामदयाल सिंह द्वारा अयोध्या ले जाया गया।

संकल्प यात्रा की तैयारी, प्री-कैंप आयोजित

पावटा। सभी पात्र हितग्राहियों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

इसे लेकर पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी ने पावटा प्रागपुरा नगर पालिका द्वारा 16 जनवरी को राउमावि पावटा मे आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर सरकार निर्देशानुसार 12 जनवरी से लेकर 15 तक निर्धारित शिविरों से पहले तैयारी शिविर भी लगाए जाएँ, जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप सभी जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुँच सके।-पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी ने जोर देकर कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले शिविर प्रभावी हों अर्थात हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ वितरित हों। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र हितग्राही शिविर से निराश होकर नहीं लौटे। उन्होंने कहा कि हर आवेदक का पंजीयन हो। वही पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी ने कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहाँ कि 13 जनवरी से 16 जनवरी तक कार्यालय पावटा प्रागपुरा नगरपालिका की विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित शिविर मे उपस्थित रहकर कार्य करे। वही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पीएम उज्ज्वला योजना, पी एम किसान समान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर पावटा तहसीलदार, आयुष्मान कार्ड योजना मे बीसीएमएचओ पावटा कोटपुतली, जीवन ज्योति व सुरक्षा बीमा योजना को लेकर विकास अधिकारी पावटा, माय भारत वोलंटियर्स योजना के लिए मुय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पावटा, क्विज प्रतियोगिता के लिए ब्लॉक सांयिकी अधिकारी पावटा, पुरुस्कार पावटा के लिए विकास अधिकारी पावटा आदि को नोडल प्रभारी नियुक्त किया गया है।

श्रीमद् भागवत कथा का वाचन

बामनवास। भारतीय शिक्षा समिति गंगापुर एवं सवाई माधोपुर जिले के सौजन्य से श्री रामदेव संस्कार केंद्र कंचन नगर निवाई रोड बौंली उपखंड मुख्यालय पर शनिवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत चरित्र अमृत कथा का आयोजन प्रारंभ हुआ। इससे पूर्व कलश यात्रा धर्मदास की बावड़ी से शुरू होकर रामदेव जी मंदिर प्रांगण में पहुंची एवं कथावाचक आचार्य श्रीकांत शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वचन शुरू किया गया कथा वाचन श्रवण के दौरान भारतीय शिक्षा समिति के जिला व्यवस्थापक कानसिंह, समाजसेवी ओमप्रकाश जोशी, आदर्श विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रेमराज सिंह, बालिका आदर्श विद्या मंदिर के तुलसीराम माली व गोविंद नारायण भदोरिया, नरसी गुर्जर, विश्व हिंदू परिषद के गोपाल शर्मा एवं प्रखंड मंत्री हेमराज दीक्षित हनुमान शर्मा, किशनलाल, पप्पू, रामावतार महावर सहित अनेको महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने कथा वाचन श्रवण किया।

पाइप लाइन में गड़बड़ी, नहीं मिल रहा पानी

सांभरझील, (निसं)। छतरियों का कुआ, वार्ड नम्बर 10 की पूर्व पार्षद प्रेम देवी सैनी के आवास तक जलदाय विभाग की ओर से बिछाई गई नई पेयजल लाइन में तकनीकी गडबडी के चलते 4 माह से पानी नहीं पहुंच रहा है।

इसकी शिकायत बाकायदा सहायक अभियंता जलदाय विभाग को लिखित में भी की जा चुकी है तथा कई दफा मौखिक आग्रह भी किया गया है। बताया गया कि वर्तमान पार्षद रतनीदेवी माली के निवास की गली में विभागीय स्तर पर नई जल वितरण लाईन डाली गई है जिसमें गली के कुछ वाशिन्दों द्वारा अपनी मन मरजी से रातों रात जल कनेकशन विभागीय प्रतिनिधि की उपस्थित में नहीं कर अनाधिकृत मिस्त्रियों से एक इंच पाईप में तीन-चार गली के वाशिन्दों ने जल कनेक्शन कर लिये है जिससे गली के अन्तिम छोर के उपभोक्ताओं तक जल वितरण की पूर्ति बिल्कुल नहीं पहुंच पा रही है । यह भी जानकारी में आया है कि इस मामले में एक दो दफा खुद विभाग के कनिष्ठ अभियंता ने भी मौका निरीक्षण किया था लेकिन इस पाइप लाइन को सुधारने के बजाय दूसरी जगह से जल कनेक्शन किए जाने की बात बताई जा रही है, जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि पेयजल लाइन का कनेक्शन जब सभी का इसी पाइप लाइन से किया गया है तो मेरे लिए अलग से कनेक्शन किस आधार पर किया जाएगा, हमारी समझ से परे है।

बताया कि पाइपलाइन जो उनके घर के अंतिम छोर तक पहुंची है, लेकिन उससे पहले ही प्लास्टिक की पाइपलाइन को अत्यधिक नीचे की तरफ चलाकर मोड दिए जाने से उनके घर में पानी नहीं पहुंच रहा है, जबकि पानी का विभाग को भुगतान भी किया जा रहा है।

लालसोट पालिका अध्यक्ष को हटाने के बाद कौन होगा अध्यक्ष!

लालसोट। पिछले दो सालों से लगातार नगर पालिका स्तर पर चल रही राजनीतिक गहमा गहमी 2023 के साल में अंतिम दिन ज्ञापन देखकर उतरी तो नए साल में लालसोट पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर समाप्त हुई है। अविश्वास प्रस्ताव आने के पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष की कमान किसके हाथ में होगी यह भी बड़ा चर्चा का विषय बना हुआ है।

- कांग्रेस खेमे या भाजपा खेमे में इसे लेकर भी चर्चा
- मौजूदा समय में नगरपालिका कांग्रेस में 35 वार्ड एवं 35 पार्षद है जिनमें से 13 पार्षद कांग्रेस के और 13 ही पार्षद बीजेपी के हैं जो की बराबरी की संख्या में वही बचे हुए 9 पार्षद निर्दलीय है।

चर्चा यह भी है कि वर्तमान नगर पालिका के अध्यक्ष रक्षा मिश्रा के खिलाफ अविश्वास लाने के दौरान विधायक सहित 32 मत वर्तमान पालिका अध्यक्ष रक्षा मिश्रा के खिलाफ डाले गए थे। इसी विश्वास के साथ अब नगर पालिका लालसोट को नया अध्यक्ष मिलेगा एवं अध्यक्ष कौन होगा अध्यक्ष पद की दावेदारी में कौन-कौन लोग इस दौड़ में शामिल है इसी के साथ अध्यक्ष पद कांग्रेस के सिंबल से चुनाव लड़े किसी सदस्य को मिलेगा या फिर भाजपा के सिंबल से चुनाव लड़े किसी सदस्य को मिलेगा इस पर भी चर्चाओं का बाजार गर्म है। मौजूदा समय में नगरपालिका कांग्रेस में 35 वार्ड एवं 35 पार्षद है जिनमें से 13 पार्षद कांग्रेस के और 13 ही पार्षद बीजेपी के हैं जो की बराबरी की संख्या में वही बचे हुए 9 पार्षद निर्दलीय है। वही नगर पालिका अध्यक्ष के प्रति अविश्वास लाने में कांग्रेस के जो पार्षदों ने कांग्रेस समर्थित पालिक अध्यक्ष के खिलाफ मतदान किया था। चर्चा का विषय है कि कांग्रेस समर्थित नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास तो ला दिया गया लेकिन लालसोट विधानसभा क्षेत्र में मौजूदा विधायक भारतीय जनता पार्टी के हैं। वही क्या भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस समर्थित पालिका अध्यक्ष के अविश्वास आने के बाद किसी कांग्रेस पर चुनाव लड़ जीते पार्षद को पालिका का अध्यक्ष बना सकती है यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। क्योंकि अगर कांग्रेस के पार्षद बीजेपी के साथ एवं निर्दलीयों के साथ मिलकर वर्तमान पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास की जड़े मजबूत नहीं करते तो यह विश्वास ही नहीं आ पाता। चर्चा का विषय है कि अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास की जड़ पालिका लालसोट के ही पार्षदों दो द्वारा पालिका से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर लगातार दो माह किए गए धरना प्रदर्शन के दौरान ही जमा दी गई थी।

वही चर्चाओं ने मुख्य तौर पर कांग्रेस की पार्षद पिंकी चतुर्वेदी के नाम को लेकर अध्यक्ष पद दौड़ में प्रमुख होने की चर्चा होने जोर पकड़ रखा है। वही इन मामलों के विधिक जानकार एडवोकेट जितेंद्र मुद्गल का कहना है कि नगर पालिका स्तर पर पार्षदों पर दल बदल कानून लागू नहीं होता है। लेकिन मौजूदा समय में नगरपालिका से जो पार्षद कांग्रेस सिंबल से लड़ा है वह कांग्रेस का ही जाना जाएगा एवं जो पार्षद बीजेपी के सिंबल से लड़ाई वह भाजपा समर्थित ही जाना जाएगा। बहरहाल पालिका अध्यक्ष पर अविश्वास को लेकर अधिकारियों द्वारा सूचना सरकार उच्च अधिकारियों को प्रेषित की गई है एवं अंतिम निर्णय वहीं से होना है कि नगरपालिका में अतिरिक्त चार्ज किसे दिया जाएगा एवं आने वाले समय ही तय करेगा कि नगर पालिका का नया अध्यक्ष कौन होगा।

सिद्दीकी का भाजपाईयों ने स्वागत किया

दूदू। शहर के निजी होटल सभागार मे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया सिद्दीकी का दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अजमेर ख्वाजा साहब के लिए भेजी गई चादर ले जाने के दौरान स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष हमीदमेवाती उपाध्यक्ष हुसैन खान प्रवक्ता मुराद अली शेख इस्लाम नागोरी हनीफ शेख कैलाश जाट प्रधान तरुण कुमावत शाहरुख़ शाहीद सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

बैरवा का स्वागत किया : गणेश मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज सेवा समिति जिला दूदू के द्वारा उपमुख्यमंत्री डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा का ब्राह्मण समाज बांधो द्वारा साफा एवं माला पहना कर राम मंदिर का स्मृति चंद्र भेंट किया बैरवा ने इस अवसर पर कहा कि आमजन में भाईचारा बनाए जाकर क्षेत्र का विकास करूंगा इस अवसर पर अध्यक्ष महेश शर्मा ओम शंकर शर्मा अवधेश शर्मा नारायण साइन पुरोहित राज नारायण शर्मा अमित जोशी एवं समाज के बंधु मौजूद रहे।

'गरीब को योजनाओं का मिले लाभ शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई'

खैरथल। जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने तिजारा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कारेडा में चल रहे भारत विकसित संकल्प यात्रा कैंप का निरीक्षण किया और विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ग्रामीणों को दिए जाने के लिए कहा।

- तिजारा ग्राम पंचायत कारेडा कैंप का कलेक्टर ढाका ने निरीक्षण किया

कैंप में निरीक्षण करने पहुंचे जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों से पहुंचे अधिकारियों से कैंप की समीक्षा की और हर व्यक्ति को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए निर्देशित किया। इस दौरान निरीक्षण पर पहुंचे जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी और मौके पर ही अधिकारियों से बात कर समाधान के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ढाका ने कैंप में लाभार्थियों को भारत सरकार की उज्जवला गैस योजना के तहत गैस सिलेंडर चूल्हे वितरित किए वही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों को कहा सरकार का विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव गांव शुरू करने का मूल उद्देश्य भी यही है कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए हम सबको प्रयास करने होंगे।

कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने तिजारा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कारेडा में चल रहे भारत विकसित संकल्प यात्रा कैंप का निरीक्षण किया ।

शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा खैरथल तिजारा जिले की पंचायत समिति मुंडावर की ग्राम पंचायत खानपुर अहिर व सिहाली खुर्द, किशनगढ़बास पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बृसंगपुर व चोर बसई व तिजारा की ग्राम पंचायत चौपानकी व कारेण्डा में पहुंची। यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं पुरुषों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गारंटी वेन का तिलक लगाकर स्वागत किया।